आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि यह सिलिकॉन कूटनीति का युग है और भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए हर कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत में निर्मित चिप्स से लैस किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ग्रेटर नोएडा में तीन दिवसीय सेमीकॉन इंडिया 2024 का उद्‌घाटन किया। अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री ने देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस दशक के अंत तक देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को 500 बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इससे 60 लाख नौकरियां पैदा होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप यह कार्यक्रम सेमीकंडक्टर के उत्पादन, डिजाइन व टेक्नोलॉजी डवलपमेंट में भारत को ग्लोबल लीडर के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश–दुनिया में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के निर्यातक के रूप में उभरा है। तीन दिनों तक चलने वाले सेमीकॉन इंडिया के अंतर्गत भारत की सेमीकंडक्टर नीति पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में सेमीकंडक्टर क्षेत्र के दिग्गजों के शीर्ष नेतृत्व शामिल होंगे।

****

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की आंसर–की जारी करने का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह भर्ती परीक्षा 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त 2024 को हुई थी। इसे यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की वेबसाइट यूपीपी बीपीबी डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है। बोर्ड ने अभी 23 अगस्त की परीक्षा की आंसर की जारी की है। इस पर 15 सितंबर तक आपत्ति दर्ज की जा सकती है। अभ्यर्थी आंसर–की से अपने उत्तरों का मिलान कर सकते हैं। साथ ही उन्हें इसमें कोई विसंगति नजर आती है, तो उस पर अपनी आपत्ति भी दर्ज कर सकते हैं। जिसके बाद फाइनल आंसर–की और रिजल्ट जारी होंगे।

****

बौद्ध सर्किट के प्रमुख मार्गों पर पर्यटकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार आगे आई है। केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने इसके लिए सत्रह दशमलव नौ तीन करोड़ की लागत वाली तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान प्रसाद परियोजना बनाई है। इसके लिए राज्य सरकार ने सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। चयनित वाराणसी–गया, लखनऊ–अयोध्या, गोरखपुर–कुशीनगर, कुशीनगर–गया मार्ग पर इस योजना की धनराशि से तीर्थयात्रियों को सड़क पर उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

****

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों को मजबूती देने और उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 20 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में दुग्ध विकास विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया । यह धनराशि प्रथम किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, मेरठ, झांसी, जालौन (उरई), हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, महाराजगंज, देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच और गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि के उपयोग में राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों व दिशा–निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

****

राधाष्टमी का पर्व आज श्रद्धा और भक्ति के माहौल में मथुरा सहित संपूर्ण बृजमंडल में धूमधाम से मनाया जा रहा है। विशेष रूप से राधा मां की जनमस्थली बरसाना मंदिर परिसर में गूंज रहे मंगल गीतों के बीच भक्तजन राधा मां के दर्शन कर सर्वमंगल की कामना कर रहे हैं। मथुरा सम्पूर्ण बृजमण्डल सहित बरसाना में श्रीराधारानी का जन्मोत्सव श्रद्धाभक्ति एवं सादगी से मनाया जा रहा है। मंदिर में घंटे घड़ियाल बज रहे थे। इसी बिच यहाँ ब्रह्म मुहूर्त में श्रीराधा रानी का पंचामृत से अभिषेक किया गया। यहाँ देश–विदेश से आये लाखो श्रद्धालु श्रीराधा जी के अभिषेक के साक्षी बने। इस दौरान राधारानी के जयकारों से सारा वातावरण गूंज उठा है। मंदिर परिसर में श्रद्वालु एक–दूसरे को बधाई देते नजर आ रहे है और राधामय हो गये है । राधा रानी, महाभिषेक के बाद शीश महल में भक्तों की दर्शनों की लम्बी–लम्बी कतारे लगी हुई है। यहाँ राधा रानी के मंदिर परिसर में हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जा रही है।

****

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिन में प्रदेश के अधिकांश जनपदों में गरज चमक के साथ आंधी पानी की संभावना जताई है। पश्चिम मध्य और उत्तर पश्चिमी बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के असर से प्रदेश के मौसम में बदलाव संभावित है। मौसम विभाग ने भी आज मथुरा और आगरा समेत आसपास के जनपदों में अत्यधिक बारिश के साथ लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कन्नौज, कानपुर, अलीगढ़, कासगंज, एटा मैनपुरी में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। उधर, प्रयागराज, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, लखनऊ, बारांबकी, कौशांबी, बांदा, चित्रकूट, अमरोहा, मुरादाबाद, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है।

****